सीआरएसयू में आज होगा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जींद, ब्यूरो (इंडिया टाइमर) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में डॉ. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी द्वारा 23 अप्रैल को एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला आध्यात्मिक आयामों की खोज चेतना की ज्ञान शक्ति विषय पर आधारित होगी। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम टीबी-1 में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. राज नेहरू (ओएसडी टू सीएम, हरियाणा) उपस्थित रहेंगे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में प्रोफेसर राजवीर पराशर (आरकेएसडी कॉलेज, कैथल) तथा डॉ. दिनेश दधीचि (सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला के संरक्षक के रूप में कुलगुरु प्रोफेसर राम पाल सैनी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला के संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को चेतना की शक्ति को गहराई से समझने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपने विचारों और भावनाओं को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकेंगे। साथ ही, उन्हें मानसिक तनाव प्रबंधन और एकाग्रता बढ़ाने की प्रभावी तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी, जो उनके शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में सहायक सिद्ध होंगी। यह कार्यशाला विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास करेगी तथा उन्हें जीवन के आध्यात्मिक और व्यावहारिक पक्षों के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा देगी। इसके अतिरिक्त, व्यक्तित्व विकास और लक्ष्य निर्धारण के लिए उपयोगी मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा, जिससे वे अपने भविष्य को अधिक स्पष्टता और दिशा के साथ आगे बढ़ा सकेंगे। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अनिल कुमार, उप-लाइब्रेरियन, डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय, सीआरएसयू, जींद हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वय में इस राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. अनिल कुमार का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ उसके आध्यात्मिक आयामों से भी जोड़ना है, ताकि उनका समग्र व्यक्तित्व विकास हो सके। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नई सोच, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविकास की भावना को प्रोत्साहित करते हैं तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

Date-23.04.2026

सीआरएसयू में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन आज

⇨ 'चेतना की ज्ञान शक्ति' विषय पर होगा मंथन, विद्यार्थियों को मिलेंगे आत्म विकास के सूत्र

जगमार्ग न्यूज

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) जींद में गुरुवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 'आध्यात्मिक आयामों की खोज: चेतना की ज्ञान शक्ति' विषय पर आधारित होगी। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम टीबी-1 में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डा. अरुण कुमार ने बताया कि कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला में हरियाणा के मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी प्रो. राज नेहरू मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. राजवीर पराशर आरकेएसडी कॉलेज, कैथल)तथा डॉ. दिनेश दधीचि सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को चेतना की शक्ति को गहराई से समझने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपने विचारों और भावनाओं को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकेंगे। साथ ही उन्हें मानसिक तनाव प्रबंधन और एकाग्रता बढ़ाने की प्रभावी तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जो उनके शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में सहायक सिद्ध होंगी। इस अवसर पर व्यक्तित्व विकास, लक्ष्य निर्धारण और सकारात्मक सोच के महत्व पर भी प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन के आध्यात्मिक और व्यावहारिक पक्षों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए

प्रेरित करना है, ताकि वे अपने भविष्य को स्पष्ट दिशा दे सकें। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय, सीआरएसयू जींद के उप-ग्रंथपाल डॉ. अनिल कुमार हैं। उनके समन्वय में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ उसके आध्यात्मिक आयामों से जोड़ना है, जिससे उनका समग्र व्यक्तित्व विकास हो सके। डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नई सोच, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविकास की भावना को प्रोत्साहित करते हैं तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

अमर उजाला

Date-23.04.2026

चेतना की ज्ञान शक्ति पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी में 23 अप्रैल को एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। आध्यात्मिक आयामों की खोज चेतना की ज्ञान शक्ति विषय पर कार्यक्रम होगा।

आयोजक एवं उप-लाइब्रेरियन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को चेतना की गहराई से परिचित कराना है। इसके माध्यम से छात्र अपने विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना, मानसिक तनाव का प्रबंधन और एकाग्रता बढ़ाने की तकनीकों को सीख सकेंगे। यह कार्यशाला न केवल विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का संचार करेगी, बल्कि उन्हें जीवन के आध्यात्मिक और व्यावहारिक पक्षों के बीच संतुलन बनाने की प्रेरणा भी देगी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रोफेसर डॉ. राज नेहरू उपस्थित रहेंगे। साथ में आरकेएसडी कॉलेज कैथल के प्रोफेसर राजवीर पराशर मौजूद रहेंगे। संवाद